# सीकर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के समर्थन में रोड शो

## सीकर में निकाले गये रोड शो में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल सहित अनेक नेता भी उपस्थित रहे



सीकर में गृहमंत्री अमित शाह ने कल्याणजी के मंदिर से तापड़िया बगीची तक भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती के समर्थन में रोड़ शो निकाला। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा साथ रहे।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने माईक से भारत माता की जय, अबकी बार 400 पार, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद जैसे कई नारे जनता से लगवाये**

**सीकर,** (निसं)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को सीकर आये और उनके साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी थे। अमित शाह करीब 4.45 बजे हेलीपेड पर उतरे और वहां पर भाजपा के नेताओं ने स्वागत किया। इसके बाद अमित शाह रोड शो के कार्यक्रम स्थल कल्याणजी के मंदिर के पास पहुंचे। वहां उन्होंने भगवान का आशीर्वाद लिया व रोड शो प्रारंभ हुआ। यह रोड शो 5 बजकर 11 मिनट पर शुरू हुआ और करीब 6.15 के समय उनका रोड शो तापड़िया बगीची पर समाप्त हुआ। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जिला अध्यक्ष कमल सिखवाल सहित अनेक नेता उपस्थित थे।

इस दौरान रास्तों के दोनों ओर भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व जिले के विभिन्न हिस्सों से आये आमजनों ने गृहमंत्री का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। घंटाघर के पास सूरजपोल गेट, जाट बाजार, स्टेशन रोड, तापड़िया बगीची तक भीड़ का आलम यह था कि कैसे भी करके अमित शाह की एक झलक मिल जाये। गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती भी खुली जीप में उनके साथ सवार थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने माईक से भारत माता की जय, अबकी बार 400 पार, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद जैसे कई नारे जनता से लगवाये।

वहीं गृहमंत्री के रोड शो के दौरान भाजपाइयों में विशेष जोश देखने को मिला। पहले जो कार्यक्रम तीन बजे का था वो पांच बजे के बाद शुरू हुआ, लेकिन सुबह से पार्टी के कार्यकर्ता जिले के विभिन्न स्थानों से आना शुरू हो गये। आखिरकार पांच बजे जब उनका काफिला जहां से गुजरा वहां पर उनके समर्थकों की भारी भीड़ देखी गई। गृहमंत्री अमित शाह ने भी फूलों से जनता का स्वागत किया व छोटे बच्चों को आशीर्वाद दिया।

गृहमंत्री अमित शाह के सीकर आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था बेहद ही कड़ी थी। शनिवार से ही जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के साथ सुरक्षा एजेसिंयों ने मोर्चा संभाल लिया। रोड शो के स्थान पर रास्तों को डायवर्ट किया गया। सड़क के दोनों ओर जनता ने उनका जोरदार स्वागत किया, पर भीड़ के साथ पुलिस बल ज्यादा नजर आया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहे। छतों के उपर से सुरक्षा एजेंसिया ने मोर्चा संभाल रखा था।

### केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज जोधपुर में

**जोधपुर,** (कासं)। लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को अपने एक दिवसीय यात्रा पर जोधपुर आएंगे। अमित शाह के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी होंगे। यहां अमित शाह रातानाडा स्थित पोलो ग्राउंड में भाजपा कार्यकर्ताओं से रुबरू होकर लोकसभा चुनाव के लिए जीत का मंत्र देंगे। इसको लेकर जोधपुर में तैयारियां तेज हो गई है।

गृहमंत्री अमित शाह व सीएम भजनलाल प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत सुबह 9:45 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां सुबह 10 बजे एक निजी होटल में लोकसभा संयुक्त कोर कमेटी की बैठक लेंगे। इसमें जोधपुर, पाली, जालोर सिरोही तथा बाड़मेर के पदाधिकारी भाग लेंगे। इसके बाद 11 बजे पोलो ग्राउंड में होने वाले जोधपुर, पाली, जालोर सिरोही, बाड़मेर शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन व जोधपुर लोकसभा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में भाग लेंगे। दोपहर 1:10 बजे वे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

# सड़क हादसे में पुलिसकर्मी की मौत



मृतक का फाइल फोटो।

- **अजमेर से ड्यूटी जॉइन करने किशनगढ़ के हरमाड़ा चौकी जा रहा था**
- **रविवार अलसुबह स्थानीय लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी**

**अजमेर/ किशनगढ़,** (कासं)। अजमेर पुलिस लाइन से किशनगढ़ के हरमाड़ा चौकी ड्यूटी जॉइन करने बाइक पर जा रहे पुलिसकर्मी की देर रात 11 बजे के करीब कार से टक्कर हो जाने पर मौत हो गई। टक्कर से बाइक सवार पुलिसकर्मी सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा और रातभर घायल अवस्था में गड्ढे में ही पड़ा-पड़ा तड़पता रहा। रविवार अलसुबह वहां से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची बांदर सिंदरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में रखवाया। सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजन की उपस्थिति में पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक पुलिसकर्मी जयपुर ग्रामीण का रहने वाला है।

सीओ ग्रामीण सत्यनारायण यादव बताया कि हादसा किशनगढ़ स्थित बांदरसिंदरी थाना क्षेत्र के भोजियावास ग्रामीण सड़क के पास हुआ था। पुलिसकर्मी अमरचंद सेवदा (36) पुत्र स्व. श्योराम जाट बाइक से हरमाड़ा चौकी (बांदरसिंदरी थाना) ड्यूटी जॉइन करने के लिए अजमेर पुलिस लाइन से देर रात 9 बजे निकला था। अजमेर पुलिस लाइन से चौकी की दूरी 40 किलोमीटर है। चौकी से पांच किलोमीटर पहले ही भोजियावास गांव के पास रात करीब 11 बजे के एक कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे हादसे में पुलिस कर्मी अमरचंद बाइक सहित गड्ढे में जा गिरा। अंधेरा होने के कारण बाइक या अमरचंद वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को नजर नहीं आए और रातभर वह गड्ढे में पड़ा रहा, जिससे उसकी मौत हो गई।

**परिजन व पुलिस अधिकारी पहुंचे अस्पताल:-** रविवार सुबह वहां से गुजरने वाले स्थानीय वाहन चालकों ने बांदरसिंदरी थाना पुलिस को एक्सीडेंट की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पुलिसकर्मी के शव को कब्जे में लेकर राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया। सूचना मिलते ही सीओ ग्रामीण सत्यनारायण यादव, बांदरसिंदरी एसएचओ पारूल यादव सहित मदनगंज, गांधीनगर और शहर थाना पुलिस के जवान अस्पताल पहुंचे। मृतक पुलिसकर्मी के परिजन को घटना की सूचना दी। पुलिसकर्मी की मौत की सूचना के बाद बड़ी संख्या में उनके रिश्तेदार भी किशनगढ़ अस्पताल पहुंच गए।

**जयपुर निवासी था मृतक पुलिस कर्मी:-** बांदरसिंदरी एसएचओ पारुल ने बताया कि मृतक पुलिस कर्मी के परिजन को सूचना दी गई है, उनकी रिपोर्ट के आधार पर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई कर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। अमरचंद जयपुर ग्रामीण के नरैना थाना क्षेत्र के गहलोता गांव का रहने वाला था। कुछ समय पहले तक वह सेवदा (बांदरसिंदरी थाने) में तैनात था, किसी कारणवश अजमेर स्थित पुलिस लाइन भेज दिया गया था। हरमाड़ा चौकी बांदरसिंदरी थाने में विगत दिनों पुनः पोस्टिंग दी गई थी। एसएचओ पारुल ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर पुलिस सड़क किनारे लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाल रही है। कार चालक की तलाश में जुट गई है।

# पी.सी.सी. सदस्य सोमाभाई सरगरा व श्रवणसिंह दासपा ने भाजपा का दामन थामा

## जोधपुर प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत की नामांकन सभा के दौरान भाजपा का दामन थामा

**जालोर,** (कासं)। जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत को जीत के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ सकती है। पिछले दिनों पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष लालसिंह धानपुर के बाद शनिवार को दो और दिग्गज नेता पीसीसी सदस्य सोमाभाई सरगरा सहित श्रवणसिंह दासपा ने भाजपा का दामन थामकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र के जीत की राह रोड़ बन रहे हैं।

पिछले दिनों पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, पूर्व विधायक का पुत्र रमेश मेघवाल सहित एक अन्य ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। शनिवार को पीसीसी सदस्य सोमाभाई सरगरा सहित श्रवण सिंह दासपा ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है। पिछले पन्द्रह सालों से जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र में भाजपा जीत रही है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को कांग्रेस हाईकमान ने प्रत्याशी बनाया है। प्रत्याशी की घोषणा के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष लालसिंह धानपूर ने बाहरी प्रत्याशी का विरोध कर बहुजन समाज पार्टी से टिकिट लेकर चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वैभव की जीत के लिए जालोर-सिरोही क्षेत्र में लगातार बैठक ले रहे हैं ताकि अपने बेटे को जीत दिला सकें।

सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण सिंह राठौड़ ने शनिवार को जोधपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की मौजूदगी में बीजेपी जॉइन कर ली है। श्रवण राठौड़ को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेहद करीबी माना जाता रहा है। यह जॉइनिंग जोधपुर के प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत के नामांकन सभा के दौरान की गई। इस दौरान जालोर के सरगरा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमभाई सरगरा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा जॉइन की।

# भूमि मालिक ने जमीन बेचने के नाम पर 50 लाख हड़पे

## चार करोड़ में हुआ जमीन का सौदा, पीड़ित ने रजिस्ट्री नहीं कराने पर मुकदमा दर्ज कराया

**अजमेर,** (कासं)। चार करोड़ रुपए की जमीन बेचान के नाम पर 50 लाख रुपए हड़पने का मामला रामगंज थाने में सामने आया है। पीड़ित खरीददार ने जमीन मालिक पर रजिस्ट्री नहीं कराने को लेकर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामगंज थाना क्षेत्र के गौतम नगर गुर्जरवास निवासी पीड़ित खरीददार दिनेश कुमार सोनी ने लिखित शिकायत देते हुए जमीन मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित ने गौतम ने बताया कि चित्रा शर्मा पत्नी कृष्ण कुमार शर्मा निवासी सरदार नगर सोसाइटी मिशन रोड करमसद जिला आनन्द गुजरात की संपत्ति ब्यावर रोड स्थित नई बस्ती रामगंज में है। भूखंड का कुल क्षेत्रफल 414 वर्गमीटर है। उक्त जमीन का सौदा चार करोड़ रुपए में तय हुआ, जिसका इकरारनामा 14 नवम्बर 2023 को किया। इसके एवज में इकरारनामे के जमीन मालिक को 50 लाख रुपए का भुगतान किया था।

**रजिस्ट्री नहीं कराने की दी धमकी :-** पीड़ित गौतम ने बताया कि इकरारनामे पर चित्रा शर्मा व उसके पुत्र हिमांशु शर्मा के हस्ताक्षर है। इसके बाद चित्रा शर्मा के पुत्र हिमांशु एवं साले विराम शर्मा जो कि जमीन की डील कर रहे थे, उनके मन में खोट आ गया। विराम शर्मा ने 75 लाख रुपए और देने के लिए कहा तो चित्रा से लिखा-पढ़ी की बात कही, जिस पर विराम शर्मा ने धमकी देते हुए कहा कि जब तक उसे 75 लाख रुपए नहीं मिलेंगे, वह रजिस्ट्री नहीं होने देगा। इसके बाद वकील से एक नोटिस भी 6 मार्च 2024 को ही भिजवा दिया, लेकिन किसी प्रकार का जवाब नहीं दिया।

इस प्रकार चित्रा, डॉ. हिमांशु व उसके साले विराम शर्मा ने बेईमानी से धोखाधड़ी कर 50 लाख रुपए हड़प कर लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### अवैध पिस्टल सहित बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। सूरजपोल थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी पिस्टल बरामद की है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन राजपुरोहित के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी सुनिल चारण के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए शजर खान उर्फ होबों उर्फ बबलु पुत्र कमर अहमद निवासी खांजीपीर सूरजपोल को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

# 22 लाख रुपए कीमत के अवैध अफीम के पौधे बरामद

- **खेत में उगाए गए 12 हजार 300 अवैध अफीम के पौधे पकड़े**

**जोधपुर,** (कासं)। तस्कर अब नशे की तस्करी के साथ ही खेतों में भी अवैध तरीके से अफीम के पौधे उगाने लगे हैं। ताजा मामला जोधपुर ग्रामीण के ओसियां थाना क्षेत्र का है। यहां पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर कार्रवाई करते हुए खेत में उगाए गए 12 हजार 300 अवैध अफीम के पौधे बरामद किए। वहीं एक आरोपी के कब्जे से 11 किलो 100 ग्राम डोडा पोस्त भी बरामद किया गया। अवैध अफीम के पौधों की बाजार में 22 लाख रुपए कीमत आंकी गई।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी को लेकर पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। पुलिस को ओसियां थाना क्षेत्र में खेत में अफीम की खेती करने की जानकारी मिली थी। इसके आधार पर तीन जगहों पर ओसियां थाना पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस टीम ने ओमाराम पुत्र भीखाराम निवासी सोऊओ की ढाणी में खेत में उगाए गए अफीम के 3100 अवैध पौधे बरामद किए। वहीं चुनाराम पुत्र देवाराम सोऊ के कब्जे से खेत में उगाए 9200 अवैध अफीम के पौधे बरामद किए गए। इसके अलावा पास में ही स्थित छगनाराम पुत्र हापुराम की ढाणी से 11 किलो 100 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया। पुलिस ने अब एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर ओमाराम जाट, निवासी सोऊओ की ढाणी भलासरिया, छगनाराम निवासी भलासरिया पुलिस थाना ओसियां जोधपुर को गिरफ्तार किया।

# पूर्व विधायक बाहेती व वाजिद चीता ने कांग्रेस जॉइन की

**अजमेर,** (कासं)। लोकसभा चुनाव-2024 में कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के समर्थन में वाजिद खान चीता ने हजारों समर्थकों के साथ रविवार को जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने चीता का माला व दुपट्टा पहनाकर कर सदस्यता ग्रहण करवाई। प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने पूर्व विधायक एवं महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति अजमेर के संयोजक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती के आग्रह पत्र पर 6 साल के निष्कासन को भी रद्द कर दिया है। वहीं पूर्व विधायक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती भी कांग्रेस में शामिल हो गये।

यहां उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर नाराज डॉ. श्रीगोपाल बाहेती ने पुष्कर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय व मसूदा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के सामने बहुजन समाज पार्टी से वाजिद खान चीता ने चुनाव लड़ा था। मसूदा विधानसभा क्षेत्र से 2023 में कांग्रेस से बागी हुए वाजिद खान चीता ने बसपा से चुनाव लड़ा था। उन्हें 29 हजार 508 वोट मिले थे, वहीं कांग्रेस से बागी डॉ. श्रीगोपाल बाहेती ने कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। उन्हें पुष्कर विधानसभा क्षेत्र से 8 हजार वोट प्राप्त हुए थे। दोनों के कांग्रेस में शामिल होने से वर्तमान लोकसभा प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी को आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका फायदा मिलेगा। लोकसभा चुनाव के दौरान दोनों का ही कांग्रेस में आना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पूर्व विधायक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती ने पार्टी कार्यालय में पत्र लिखकर सदस्यता बहाल करने का आग्रह किया था, जिस पर उनके आवेदन के मद्देनजर उनका निष्कासन रद्द कर दिया है। भविष्य में संगठन में जल्द ही जिम्मेदारी दी जाएगी। इस अवसर पर अजमेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी, पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ.रघु शर्मा, अजमेर देहात कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़, आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़, देहात कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष जयशंकर चौधरी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। डॉ. बाहेती व वाजिद खान चीता के पुनः कांग्रेस में शामिल होने पर अनेक कांग्रेसजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

### फैक्ट्री मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। रीको औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर ने फैक्ट्री में ही एक नीम के पेड़ के फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता चलने पर उदेई मोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर गंगापुर गवर्नमेंट हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। जहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करा कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार उदेई मोड़ रीको औद्योगिक क्षेत्र में त्रिवेणी वनस्पति प्रोडक्शन की फैक्ट्री में बिगोट अगरजी रखवे वनबाग बागपट्टी बिहार निवासी विनय सदा पुत्र छेदी सदा मांझी अपने बड़े भाई के साथ में मजदूरी का काम करता था। शनिवार रात को विनय ने अपने परिवार से बात की थी और इसके बाद में वह सो गया। रात को विनय ने फैक्ट्री में ही नीम के पेड़ के नीचे रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। विनय का बड़ा भाई रात को जब टायलेट करने के लिए उठा तो उसे विनय पेड पर फंदे पर झूलता हुआ मिला। सूचना पर उदेई मोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर गवर्नमेंट हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। मृतक का पोस्टमॉर्टम कराकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

# नर्सिंग होम परिसर के दरवाजे खुलवाने एवं स्टोर में रखी दवाईयां निकलवाने की मांग

## अग्रवाल नर्सिंग होम के संचालक ने नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई



सीओ सिटी पुलिस, मथुरा गेट थाना अधिकारी करन सिंह राठौड़ एवं चौबुर्जा चौकी इंचार्ज राकेशमान सहित पुलिस की टीम ने नर्सिंग होम परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को देखा।

**भरतपुर,** (निसं.)। अग्रवाल नर्सिंग होम के संचालक डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल पुत्र रामकुमार अग्रवाल निवासी महलखास किला ने मथुरा गेट थाना पर नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा है कि अग्रवाल नर्सिंग होम परिसर में नाजायज नुकसान पंहुचाने के उददेश्य से कुछ लोगों ने ताला लगाकर अनुचित नुकसान किया है और स्टोर को इस्तेमाल करने से भी बाधित किया है। जिससे नर्सिंग होम के मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने दर्ज रिपोर्ट में अग्रवाल नर्सिंग होम के परिसर के दरवाजे को खुलवाने एवं स्टोर में रखी दवाईयों को निकलवाए जाने की मांग करते हुए पुलिस कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

इस मामले को लेकर सीओ सिटी पुलिस सुनील कुमार शर्मा, मथुरा गेट थाना अधिकारी करन सिंह राठौड़ एवं चौबुर्जा चौकी इंचार्ज राकेशमान सहित पुलिस की टीम महलखास किला में अग्रवाल नर्सिंग होम परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के विवादित मामले को लेकर पहुंची। जहां इस मामले में आवश्यक दस्तावेज लिए और निर्माण कार्य की व्यवस्थाओं को देखा। इस मामले को लेकर हालांकि अपर जिला न्यायाधीश संख्या दो के न्यायाधीश ने भी आदेश दिया है कि महलखास की मरम्मत का सामान लाने ले जाने से नहीं रोका जाए।

इस संबंध में लोहागढ़ रिसोर्ट प्राइवेट लिमिटेड जरिए निदेशक भगत सिंह पुत्र सुजान सिंह ने न्यायालय में एक वाद भी दायर किया था। जिसमें प्राथी के वकील श्रीनाथ शर्मा ने तर्क न्यायालय के सामने रखे। दूसरे पक्ष अग्रवाल नर्सिंग होम के संचालक डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मगोपाल चतुर्वेदी ने भी इस मामले को लेकर अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष रखा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद एडीजे दो के न्यायाधीश ने ऐसी स्थिति में आगामी नियत तिथि 12 अप्रैल 2024 तक आप्रार्थी को अंतरिम अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद किया है कि नक्शा में दर्ज रास्ते में कोई अवरोध पैदा ना करे और प्रार्थी को मरम्मत के लिए सामान लाने ले जाने से नहीं रोका जाए।

इस मामले को लेकर अग्रवाल नर्सिंग होम के संचालक डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल, डॉ. समीर अग्रवाल सिंहत उनके परिजनों ने रविवार को पुलिस अधिकारियों एवं चौबुर्जा चौकी इंचार्ज राकेश मान के समक्ष अपने दस्तावेज प्रस्तुत किए और कहा कि दूसरा पक्ष न्यायालय के आदेशों के विपरित भी काम कर रहा है जिसे पुलिस द्वारा रोका जाए और कानूनी कार्यवाही भी अमल में लाई जाए। इसके अलावा उनके स्टोर में रखी लाखों रूपये की दवाईयों को निकलवा कर दिलवाया जाए एवं दरवाजे को भी खुलवाया जाए। इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक एवं आईजी को भी वास्तविकता से अवगत कराया गया है।

उन्होंने आईजी एवं एसपी से मांग की है कि नियमों के अनुसार उनके पक्ष को सुनकर कार्यवाही अमल में लाई जाए और मथुरा गेट थाना में उनकी ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर पर पुलिस निष्पक्षता से कार्यवाही करे। जिससे उन्हें राहत मिल सके और उन्हें सुरक्षा भी दिलाई जाए। जिससे वे शांति के साथ अपना नर्सिंग होम संचालित कर सके।